(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;

(घ) क्या सरकार आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि में जयपुर–अहमदाबाद मीटर लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित करने का विचार रखती है ;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफर शरीफ) : (क) जी, हां ।

(ख) दिल्ली–जयपुर मीटर लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का कार्य पूरा हो गया है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) जी, हां ।

(ङ) दिल्ली–फुलेरा का आमान परिवर्तन पहले किया जा चुका है । फुलेरा से अजमेर तथा मेहसाणा से अहमदाबाद तक आमान परिवर्तन कार्य 1994–95 में तथा अजमेर से मेहसाणा तक 1995–96 में पूर हो जायेगा ।

(च) प्रश्न नहीं उठता ।

गुजरात में चल रही रेल परियोजनाएं

2217. **श्रीमती उर्मिलाबेन चिमनभाई पटेल** : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में कौन-कौन सी रेल परियोजनाएं चल रही हैं और 30 जून, 1994 तक उनके पूरा होने के मामले में क्या प्रगति हुई है ;

(ख) क्या सरकार आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान नई रेल परियोजनायें शुरू करने का विचार रखती है ;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफर शरीफ) :

(क) गुजरात में चल रही रेल परियोजनाओं की स्थिति तथा 30–6– 1994 तक हुई प्रगति इस प्रकार है:–

	परियोजना	प्रगति
1.	नाडियाड–कपडवंज आमान परिवर्तन	पूरी हो गयी ।
2.	कपडवंज–मोडासा नई लाइन	निम्न परिचालिक प्राथमिकता तथा संसाधनों की तंगी के कारण कार्य अस्थायी रूप से रोक दिया गया है ।
3.	दाहोद, सरदारपुर, धार के रास्ते गोधरा–इंदौर तथा देवास और मकसी के बीच नई बड़ी लाइन	कार्य की, समीक्षा की दृष्टि से लिये अस्थायी रूप से रोक दिया गया है । क्योंकि हाल में किये गये सर्वेक्षण के आमान

परियोजना	प्रगति
	परिवर्तन के चालू कार्यों के कारण यातायात में कमी के साथ-साथ लागत में भारी वृद्धि होने का पता चला है ।
4. फुलेरा–मारवाड़-अहमदाबाद आमान परिवर्तन	अजमेर–मेहसाणा–7% मेहसाणा अहमदाबाद–5%
5. राजकोट–वेरावल आमान परिवर्तन	यह एक नया कार्य है जिसे 1994–95 के रेल बजट में शामिल किया गया है । कार्य शुरू करने के लिये प्रारंभिक प्रबंध किये जा रहे हैं ।
6. भिलडी वीरमगाम के बीच आमान परिवर्तन	कार्य को एक लंबित समीक्षा की दृष्टि से रोक दिया गया है क्योंकि सामान्तर दिल्ली-अहमदाबाद मार्ग के आमान परिवर्तन का कार्य शुरू कर दिया गया हैं ।
7. यात्री प्लेटफार्म तथा यात्री प्लेटफार्म के विस्तार सहित विश्वामित्री अप लूप लाइन	89%
8. कोसड में अतिरिक्त लूप की व्यवस्था	75%
9. उधना-बाई पास लाइन के लिये भूमि का अधिग्रहण	25%
10. भरूच तथा आणंद पर में प्लेटफार्मों का विस्तार	भरूच–88 % आणंद–100%

(ख) और (ग) दिल्ली अहमदाबाद राजकोट–वेरावल का आमान परिवर्तन एक नया कार्य है जिसे आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रथम तीन वर्षों के दौरान शुरू किया गया है ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

Study for Freight Traffic Growth

2218. SHRI O. P. KOHLI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that neither the Railways nor the Planning Commission are carrying out any study about the freight traffic growth in a year;

(b) if so, the reasons therefor;

(c) the basis on which the Ministry of Railways and the Planning Commission arrive at an accurate forecast; and

(d) the steps taken to carry out this study to make the Budget Estimate a reality and not imaginary?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) and (d) Study groups are formed for assessing the growth for both freight & passenger traffic for 5 year plans. These groups work in